CORRECTED

# राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लि.
## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता (सिविल) हवासड़क, जयपुर ।
## निविदा सूचना संख्या 08/2020–2021

अनुभवी एवं मान्य निविदाकारों से निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद निविदाएं नीचे दर्शित तारीखों को अपरान्ह 2.00 बजे तक सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता (सिविल) रारावित्रनिलि. के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 2.30 बजे उपस्थित निविदाकारों के सम्मुख खोली जावेगी । निविदा प्रपत्र निविदा प्राप्ति के एक दिन पूर्व तक बेचे जावेगे । रारावित्रनिलि. में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों एवं उनके उपक्रमों में 'अ' अथवा 'अअ' श्रेणी में पंजीकृत एवं वस्तु व सेवाकर (जी.एस.टी) विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को निविदा आवेदन के साथ ही कार्यानुभव सम्बन्धित रिपोर्ट जिस विभाग में उन्होंने कार्य सम्पादित किया हो से प्राप्त कर प्रस्तुत करनी होगी (इस विभाग में आरक्षित ठेकेदार कार्यानुभव सम्बन्धित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए बाध्य नहीं है।) पंजीकरण प्रमाण एवं कार्य रिपोर्ट उचित पाये जाने पर उन ठेकेदारों द्वारा दो प्रतिशत एवं इस वृत/संभाग/संबंधित खण्ड में पंजीकृत ठेकेदारो से नियमानुसार धरोहर राशि जमा कराने पर ही उन्हें निविदा प्रपत्र जारी किये जावेगें । निविदित दरे निविदा खुलने से 90 दिन तक मान्य रहेगी । सशर्त निविदायें अमान्य होगी। किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू लाखों में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्राप्ति/ खुलने की तारीख |
|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | **अधिशाषी अभियन्ता (सिविल–जयपुर शहर) रारावित्रनिलि. जयपुर के अधीन** | | | | |
| 1 | लाल कोठी आवासीय कॉलोनी जयपुर में क्वार्टर नं. आर 2/7 की मरम्मत का कार्य। | 1.75 | 500+90 (जी.एस.टी)=590 | 2 माह | 29.07.2020 |
| 2 | चम्बल आवासीय कॉलोनी जयपुर में क्वार्टर नं. आर 1/1 एवं आर 1/3 की मरम्मत कार्य। | 4.90 | 500+90 (जी.एस.टी)=590 | 3 माह | 29.07.2020 |
| 3 | 132 केवी जीएसएस भांकरोटा में शिव विहार योजना जयपुर (जे.डी.ए. डिपोजीट वर्क) के लिए 1 नं. 33 केवी बे के फाउंडेशन का कार्य। | 0.30 | 500+90 (जी.एस.टी)=590 | 1 माह | 29.07.2020 |
| 4 | लाल कोठी रेस्ट हाउस जयपुर में रूम नं. 108 एवं 007 में मरम्मत का कार्य। | 1.10 | 500+90 (जी.एस.टी)=590 | 2 माह | 29.07.2020 |
| (ब) | **अधिशाषी अभियन्ता (सिविल–जयपुर ग्रामीण) रारावित्रनिलि. जयपुर के अधीन** | | | | |
| 5 | 220 केवी जीएसएस कोटपूतली पर 2 नं. स्टोर शेड की मरम्मत का कार्य। | 3.00 | 500+90 (जी.एस.टी)=590 | 3 माह | 29.07.2020 |

1. निविदाकारों का वस्तु एवं सेवाकर (जी.एस.टी.) में पंजीयन होना चाहिये।
2. निविदत दरें वस्तु एवं सेवाकर(जी.एस.टी.) के अतिरिक्त सभी कर सहित होगी। वस्तु एवं सेवाकर लागू दर से देय होगा।
3. निविदा में अंकित निविदा शुल्क पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. भी निविदाकार को अतिरिक्त देना होगा।
4. यह निविदा सूचना **website www.rvpn.co.in** पर उपलब्ध है । निविदा प्रपत्र **https//sppp.raj.nic.in** वेबसाईट पर भी देखे व डाउनलोड किये जा सकते है। डाउनलोड किये गये प्रपत्रो का निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि नियत समय तक सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय मेंजमा कराना आवश्यक है अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
5. यदि ठेकेदार कार्य आदेश की तिथि से 15 दिन की अवधि मेंकार्य प्रारम्भ नही करता है तो उससे कार्य वापिस लिया हुआ समझा जावेगा और धरोहर राशि का अधिहरण करने के साथ ही उसे निगम में भावी निविदाओं में भाग लेने से विवर्जित कर काली सूची में डाल दिया जावेगा।
6. यदि किसी कारणवश निविदा विक्रय, प्राप्ति अथवा खोलने की दिनांक को अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस को उसी समय व उसी स्थान पर निविदाये बेची/खोली जावेगी।
7. उपरोक्त निविदाओं में राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम–2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम–2013 के सभी प्रावधान लागू होंगे।
8. यदि बोलीदाता द्वारा दी जाने वाली बोली की कीमत उचित दरों के आधार पर लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम है तो बोली को असंतुलित माना जाएगा और सी ई (सिविल) आरवीपीएन, जयपुर के आदेश कमांक D. 01 दिनांक 01/04/2019 के अनुसार अतिरिक्त प्रदर्शन सुरक्षा बोलीदाता द्वारा जमा की जाएगी ।
9. कार्य में धूली हुई क्रशर सेण्ड या एम सेण्ड ही काम में ली जायेगी।

अधीक्षण अभियन्ता (सिविल)
रा.रा.वि.प्र.नि.लि., जयपुर

कमांक / रारावित्रनिलि/ अ.अ./ सिविल/ निविदा/ प्रे. – 683 दिनांक 20/07/20

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाती है ।

1. मुख्य अभियन्ता (सिविल), रारावित्रनिलि, जयपुर।
2. आयुक्त (उद्योग ), उद्योग भवन, तिलक मार्ग,जयपुर, राजस्थान **Email:indrajfo3@rajasthan.gov.in**
3. अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता (सिविल), रारावित्रनिलि, जयपुर ।
4. अधिशाषी अभियन्ता (सिविल–जयपुर शहर/ग्रमीण ), रारावित्रनिलि, जयपुर/अलवर/भरतपुर/कंसट्रक्शन को प्रेषित कर लेख है कि संबंधित निविदाओ को **SPPP** पोर्टल पर तुरन्त अपलोड करके सूचित करे।
5. त.स.अधीक्षण अभियन्ता (सिविल), रारावित्रनिलि, जयपुर।
6. सहायक लेखाधिकारी (सिविल), रारावित्रनिलि, जयपुर।
7. नोटिस बोर्ड / ठेकेदार संघ ।

अधीक्षण अभियन्ता (सिविल)
रा.रा.वि.प्र.नि.लि., जयपुर